# मंत्री जी कब मिलेगी खाद, सुबह से लगे कतार में

**खास बातें**

- केंद्रीय मंत्री के गृह जिले में इस तरह के हैं हालात
- खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने किया हंगामा





नवभारत न्यूज

**विदिशा, 17 जुलाई, जिले के किसानों को खरीफ फसलों के लिए खाद की जरूरत है। लेकिन कई किसानों को अपनी जरूरत का खाद लेने में काफी परेशानी हो रही है. गुरुवार को ग्राम पंचायत खामखेड़ा में कई किसानों ने खाद को लेकर प्रदर्शन किया.**

इस दौरान सोसायटी पर काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।. खरीफ की फसल का समय चल रहा है. सोयाबीन और धान की फसल खेतों में लग चुकी है , ऐसे में किसानों को अपनी फसल में डालने के लिए खाद और यूरिया की आवश्यकता है. वहीं विदिशा में खाद वितरण केन्द्रों पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है . खाद के लिए किसान सुबह से ही परेशान हो रहे हैं ,ऊपर से बारिश का मौसम है तो लोगों को परेशानी और अधिक सामना करना पड़ रहा है . इस संबंध में किसान गोपाल सिंह दांगी जो की जमाल दी के रहने वाले हैं उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से टोकन देने का बोला गया था. लेकिन 15 मिनट में ही टोकन खत्म हो गए ,हमें बताया गया कि टोकन खत्म हो गए हैं . एक व्यक्ति को मात्र चार बोरी ही खाद उपलब्ध हो पा रही है ऐसे में किसान अपनी फसलों में पर्याप्त मात्रा में खाद कहां से लाएं . वही ढोल खेड़ी के किसान सुनील शर्मा ने बताया कि मैं सुबह 7 से लाइन में लगा हूं और अब जाकर टोकन प्राप्त हुआ है. लगभग 300 से 400 किसान यहां पर पहुंचे हैं .लेकिन सभी को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है. खाद नहीं मिलने से प्रदर्शन करने के दौरान सुनील शर्मा ,गोपाल सिंह दांगी, प्रशांत चौबे सहित कई किसान मौजूद थे.

# सूने घर में अज्ञात लोगों ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम

**मकान मालिक बेटी को छोड़ने गए थे कोटा, पुलिस जांच में जुटी**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 17 जुलाई, बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात को रॉयल सिटी कालोनी के एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात लोगों ने लाखों रूपये की चोरी को अंजाम दिया है. फिलहाल सिविल लाइन पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.**

जानकारी के अनुसार बीती रात को रॉयल सिटी कालोनी में रहने वाले सोवना जरारिया अपनी बच्ची को छोडऩे कोटा गई हुई थी. घर पर ताला लगा हुआ था इसी का फायदा उठाकर अज्ञात लोगों ने सूने घर का ताला तोड़कर लाखों रूपये का सामान चुरा कर ले गए. वापस आने के बाद गुरुवार को चोरी होने का पता चला है घर की हालत देखकर सोवना ने सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की. शोभना ने बताया कि अलमारी से करीब 30 हजार नगदी,सोने और चांदी के कुछ आभूषण गायब होना बताया गया है. सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. एफएसएल टीम ने भी मौके से फिंगरप्रिंट के नमूने लिए हैं. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है. स्थानीय लोगों में चोरी की घटना को लेकर दहशत का माहौल है. रॉयल सिटी जैसी सुरक्षित मानी जाने वाली कॉलोनी में चोरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. रहवासियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

**एक नजर में**

## ट्रेक्टर हुआ बेकाबू, बड़ा भाई कूदा, छोटे की दबकर मौत

नवभारत न्यूज

**विदिशा.**ग्राम सियासी में 26 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। दरअसल बुधवार की दोपहर थान सिंह और उसका छोटा भाई संदीप आदिवासी खेत में धान के लिए गड़े मचाने का काम कर रहे थे.इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा तो इस दौरान बड़ा भाई थान सिंह ट्रैक्टर से कूद गया, लेकिन छोटा भाई उस ट्रैक्टर के नीचे दब गया.परिजन घायल अवस्था में संदीप को मेडिकल कॉलेज लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पीएम कराया और शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया.

## मां वैत्रवती गंगा ओढ़ेंगी पीली साड़ियों की चुनरी

नवभारत न्यूज

विदिशा, वर्ष 2009 हरियाली अमावस्या से निरंतर एक एक दिन की गणना के साथ भोजपुर से विदिशा तक मां वैत्रवती गंगा को मां नर्मदा जी के सहयोग से साफ स्वच्छ सुंदर वारहमासी सदानीरा वनवाने बड़बाला घाट मां वैत्रवती पर मां वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में शासन-प्रशासन आम जनमानस और जन प्रतिनिधियों को जाग्रत करने की जा रही नित्य गंगा आरती की प्रतिवर्ष हरियाली अमावस्या पर वर्षगांठ मनाई जाती है जो कि इस साल 24 जुलाई गुरुवार को सांयकाल 6 बजे मनाई जाएगी.

# एम्बुलेंस नहीं मिली .. भीगते पानी में दो पहिया वाहन से ले जाना पड़ा बेटे का शव



नवभारत न्यूज

**विदिशा, सिरोंज तहसील के राजीव गांधी अस्पताल में जहां 15 वर्षीय आकाश अहिरवार की मौत अस्पताल में दम तोड़ने के बाद भी आकाश को शव वाहन नहीं मिला. मजबूर परिजनों को अपने बेटे की लाश को मोटरसाइकिल पर रखकर, बारिश में भीगते हुए गांव ले जाना पड़ा.**

परिजन सिरोंज के राजीव गांधी अस्पताल पहुंचे थे, जब आकाश को पेट दर्द की शिकायत हुई. अस्पताल में इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई. डॉक्टरों ने पहले भोपाल रेफर किया लेकिन एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं हो सकी. और जब उसकी जान चली गई तब भी शव वाहन नहीं मिला. आकाश की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था. जब आकाश का शव बाइक पर ले जाया जा रहा था तब उसके परिजन बाइक के पीछे रोते हुए चल रहे थे.बीमार आकाश को इस उम्मीद से अस्पताल लाया गया कि वह यहां से ठीक होकर घर वापस आएगा. लेकिन पहले जहां आकाश को भोपाल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिली और जब उसकी मौत हो गई तो उसका शव घर ले जाने के लिए भी शव वाहन नहीं मिला और आखिर में बारिश के बीच भीगते हुए आकाश के शव को घर ले जाया गया. मृतक के परिजनों ने बताया कि इलाज के दौरान डाक्टरों ने आकाश को भोपाल रेफर कर दिया था लेकिन एंबुलेंस मांगी तो कहा गया कि अपका बेटा चल बसा है.

## नाबालिग बेटी के साथ दो लोगों ने किया दुराचार, आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** गुरवार को हैदरगढ़ थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पीड़ित परिवार कलेक्टोरेट पहुंचा और अपनी 16 साल की बेटी के साथ दो लोगों द्वारा दुराचार करने का आरोप लगाते हुए एसपी के नाम आवेदन दिया. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि हैदरगढ़ थाने में दो लोगों के नाम से मामला दर्ज कराया गया था, लेकिन पुलिस द्वारा एक ही आरोपी का नाम लिखा गया है. उन्होंने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने बताया कि 6 माह पहले उनकी बेटी घर पर अकेली थी और वह खेत पर काम करने के लिए गए थे. इसी दौरान दो लोगों ने उनकी बेटी के अकेले होने का फायदा उठाते हुए दुराचार किया.

# नशे में युवक पहुंचा अस्पताल, डर कर भागी सीएचओ

**पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के लिए भी भटकना पड़ा**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,**लटेरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक नशे में धुत युवक सोनू कुशवाह द्वारा दिनदहाड़े एक महिला स्वास्थ्य कर्मचारी महिला सीएचओ के साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है.वहीं जब महिलाओं से संबंधी सुरक्षा की बात की जाती है तो वह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अपनी चुप्पी साध लेते हैं अगर यदि कोई बड़ा घटना घटित हो जाता है तो इसके जिम्मेवार कौन रहेंगे महिला स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ करीब 80 प्रतिशत से अधिक जो की ग्रामीण लेवल पर निवास करते हुए अपनी सेवा दे रही है पूर्व में भी विदिशा जिले के अंतर्गत ऐसे घटनाक्रम सामने आ गए हैं. जिस पर भी स्वास्थ्य अधिकरियों ने ध्यान नहीं दिया. इस मामले सीएचओ संघ के जिला अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र किरार द्वारा बताया गया कि यह महिलाओं से जुड़ा अति संवेदनशील मुद्दा है और अगर विभाग इस मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं लेता तो वह जिला स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाएंगे और महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टि गत रखते हुए शीघ्र ही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे. बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र की महिला सीएचओ इस पूरे मामले की शिकायत करने के लिए थाने पहुंची जहां पर काफी इंतजार करने के बाद भी शिकायत दर्ज नहीं हुई.उनको थाने से जबाव मिला कि थाना प्रभारी के आने के बाद ही रिर्पोट दर्ज की जाएगी. सीएचओ संघ ने इस पूरे मामले की जानकारी सीएमएचओ को दे दी है वहीं एसपी को भी मौखिक रूप से अवगत करा दिया गया है.

# नपा ने हासिल किया स्वच्छता में 47वां स्थान



**नेशनल रैंक में मिला स्थान**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नगर पालिका ने नेशनल रैंक स्वच्छता में 47वां स्थान प्राप्त किया है.पिछले वर्ष नगर पालिका ने देश में 87 नंबर पर आई थी.इस बार नगर पालिका विदिशा ने नेशनल रैंक 47वां स्थान प्राप्त किया है.नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि यह स्थान सभी नगरवासियों के सहयोग से प्राप्त हुआ है इसलिए मैं सभी नगर वासियों को इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं और उनका आभार भी प्रकट करती हूं. बिना जन भागीदारी के हम शहर को साफ और स्वच्छ सुंदर नहीं बना सकते हैं. साथ ही नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका कार्य तो करती है अगर जनता सहयोग करेगी तो हम निश्चित ही हर काम में सफलता प्राप्त करेंगे अपने घर का कचरा कचरा गाड़ी में ही डालें और आसपास गंदगी न करें और न ही किसी को करने दें. जिससे न ही गंदगी उत्पन्न होगी न ही किसी को आ सुविधा होगी.साथ ही नगर पालिका विदिशा ने वाटर में भी उच्च स्थान प्राप्त किया है सीवरेज ट्रीटमेंट एवं वाटर प्लांट में नगर पालिका ने सुधार किया है जिससे नगर पालिका को वाटर में भी उच्च स्थान प्राप्त हुआ है.

**मेट-दरोगा का किया सम्मान**

नगर पालिका विदिशा द्वारा नेशनल रैंक स्वच्छता में 47वां स्थान प्राप्त करने पर सभी मेट दरोगा का सम्मान स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं सीएमओ दुर्गेश ठाकुर के द्वारा किया गया. कहा गया सफाई की प्रथम कड़ी शहर के नगर पालिका के मेट दरोगा सफाई कर्मी हैं इसलिए उनका स्वागत सम्मान किया गया. इस दौरान उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, पार्षद दीपक कुशवाह, नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी, अखिलेश राजपूत, राजू दांगी, संजय अग्रवाल, राजेश लोधी सहित सभी नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे.

## सीएमएचओ ने ग्यारसपुर स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने ग्यारसपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों, दवा वितरण कक्ष, लैब, प्रसूति वार्ड एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मोहम्मद आमिर पिता का नाम हबीब खां निवासी ग्राम बेलई तहसील कुरवाई जिला विदिशा (म.प्र.) भारत। मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम Mohammad Habib Khan दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिता का सही नाम Habib Khan (हबीब खां) है। भविष्य में मेरे शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मुझे Mohammad Amir S/o Habib Khan (मोहम्मद आमिर पुत्र हबीब खां) नाम से ही जाना पहचाना जाए, तथा मेरा पता उपरोक्तानुसार है।

भवदीय
मोहम्मद आमिर पिता का नाम हबीब खां
निवासी ग्राम बेलई तहसील कुरवाई
जिला विदिशा (म.प्र.)


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के ठीक बाजू में बने सेवाघर आकर कृपया संपर्क करें

जल्द ही बजेगा
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित




www.vikaspachori.in


# विधायक ने बनने वाली सीसी रोड का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया



नवभारत न्यूज

**विदिशा, करैयाखेड़ा रोड सीसी रोड के निर्माण के पूर्व विधायक मुकेश टंडन ने पीडब्लूडी अधिकारी, विदिशा एसडीएम, नगर पालिका सीएमओ, बिजली विभाग एवं अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान मौके पर सीसी रोड के साथ रोड पर 3 पुलियों का निर्माण होना है.**

सड़क के किनारे स्थित नाले की पिचिंग एवं रिटर्निंग बॉल निर्माण भी होना है। रोड पर बिजली के खंभे शिफ्टिंग सड़क निर्माण के पूर्व होना है. इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को उक्त कार्य करने के निर्देश दिए. इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, वेत्रवती नगर मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, पार्षद प्रतिनिधि राजेश जैन, राजेश लोधी, राजू दांगी, पार्षद चंद्रपाल सिंह दांगी, नीरज पाल, संतोष पेंटर, सुनील, विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा, पीडब्लूडी ईई बुंदेल सिंह ठाकुर, नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, बिजली विभाग अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.उक्त जानकारी दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने दी.

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि सुनीला पुत्री कैलाशबाबू जाति दोंगी निवासी मकान नंबर 25. ग्राम धॉगर, तेवरा. टोरा. सागर वर्तमान निवास गूलरखेडी तहसील गुलाबगंज जिला विदिशा म0प्र0 द्वारा उनके स्वमित्व एवं आधिपत्य का ग्राम गूलरखेडी प0ह0नं0 10 तहसील गुलाबगंज जिला विदिशा स्थित भूमि सर्वे कं. 146/1 रकवा 0.1669 हे0 में से आवेदनकर्ता सुनीला पुत्री कैलाशबाबू का हिस्सा 25/166 भाग भू-खण्ड पर पर आवासीय मकान निर्माण हेतू ऋण प्राप्त करने हेतू मेरे पक्षकार बैंक मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गुलाबगंज में आवेदन किया गया है।

यह कि उक्त भू-खण्ड पर आवेदक द्वारा किसी व्यक्ति अथवा शासकीय अर्ध शासकीय संस्था या बैंक से ऋण लिया गया हो अथवा किसी व्यक्ति एवं संस्था को कोई आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय पता -नई तहसील के सामने चौकसे भवन गुलाबगंज मे सात दिवस मे सूचित करे अन्यथा समयावधि समाप्ती पश्चात आपत्ति निराधार मान कर कोई विचार न करते हुए मेरे पक्षकार बैंक द्वारा आवेदनकर्ता को ऋण राशि स्वीकृत कर दी जावेगी

दिनांक 18/07/2025

अबतार सिंह ठाकुर
एडवोकेट एवं नोटरी
तह.ग्यारसपुर जिला विदिशा (म.प्र)









# पिंड भरते हुए एसपी के पास पहुंचा फरियादी, बोला थाने में नहीं हो रही सुनवाई

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** गुरुवार को ग्यारसपुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम नौलास निवासी एक अपनी समस्या को लेकर कलेक्टोरेट परिसर में पिंड भरते हुए पहुंचे. इस दौरान उन्होंने बताया कि जनवरी में वह कुंभ मेले में गए थे इसी दौरान उनके घर पर चोरी हो गई थी.इस चोरी को अंजाम देने वाले आरोपी का नाम पुलिस को भी बता दिया गया है लेकिन पुलिस द्वारा आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. इसी मामले को लेकर वह कलेक्टोरेट पहुंचे और एसपी रोहित काशवानी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया गया. ग्राम नौलास निवासी रमेश कुमार किरार ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज कुंभ मेले में स्नान करने गया था. इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उनके घर में घुसकर करीब 40 हजार की चोरी कर ली थी, जिसकी शिकायत उन्होंने ग्यारसपुर थाने में दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि जब वह इस मामले की जानकारी लेने के लिए ग्यारसपुर थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए करीब चार-पांच घंटे तक बैठाकर रखा और कोई करवाई न करते हुए उन्हें वहां से भगा दिया. इस मामले पर संज्ञान लेते हुए एसपी रोहित काशवानी ने तुरंत ही ग्यारसपुर थाना प्रभारी से इस संबंध में चर्चा की और चोरी के आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने रमेश किरार से कहा कि आप ग्यारसपुर थाने पर जाएं और अगर कोई सुनवाई नहीं होती है तो मेरे नंबर पर मुझसे बात करें.